## सिका भरतियार प्ले स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव



इंदौर। सिका भरतियार प्ले स्कूल, अरण्य नगर शाखा में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई। प्ले स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों को उनकी माताओं के साथ कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया गया था।

माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भजन और गीत गाए। कार्यक्रम में सिका सचिव श्रीमती दिव्या साईराम, सिका संयुक्त सचिव श्रीमती प्रिया अय्यर, सिका समिति सदस्य अनुराधा आचार्य और भरतियार प्ले स्कूल की कार्यक्रम प्रमुख श्रीमती पल्लवी पाध्ये उपस्थित थीं। संचालक श्रीमती ज्योति गोठवाल थीं। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती स्वाति अभ्यंकर ने दिया।

## लोकमाता अहिल्याबाई की 230 वी पुण्यतिथि मनायी



इंदौर। महान शासक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में न्याय और समानता को बढ़ावा दिया उन्होंने कई मंदिरों घाटों और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया उनके शासन काल को न्यायप्रियता और धर्मनिष्ठता के लिए जाना जाता है।

उक्त विचार शासकीय माध्यमिक विद्यालय खुड़ैल खुर्द के वरिष्ठ शिक्षक राजेश चौहान ने दिए। कार्यक्रम का प्रारंभ लोकमाता अहिल्याबाई की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया,कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी सुरेंद्र कुमार गौड़,रानी गंगराड़े,नीतू बाथम ने लोकमाता अहिल्याबाई की जीवन गाथा तथा उनके आदर्शों और प्रजा में लोकप्रियता को विस्तार पूर्वक बताया आभार सागर कानड़े ने माना।

## देवी अहिल्या उत्सव मनाया गया



इंदौर। सिका सी. से. स्कूल क्रमांक 3, निपानिया परिसर में मालवा की गौरव, महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 230वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में 22 अगस्त 2025 को देवी अहिल्या उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महान रानी को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई।

प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी उप्रेती, उप प्रधानाचार्या श्रीमती स्मिता भागवत, प्रधानाध्यापिका श्रीमती चंपा भट्टाचार्य, सहायक प्रधानाध्यापिका श्रीमती अलका वेदा , शिक्षकों और छात्रों के साथ मिलकर प्रेरक भाषण दिए, जिसमें देवी अहिल्या बाई के न्याय, विनम्रता और मानवता की सेवा के शाश्वत मूल्यों पर प्रकाश डाला गया।

शिक्षक द्वारा एक भावपूर्ण गीत, ÷देवी अहिल्या को प्रणाम - मालवा की ज्योति÷ प्रस्तुत किया गया, जिससे वातावरण भक्ति और श्रद्धा से भर गया।

समारोह का समापन उनके आदर्शों का अनुसरण करने तथा उनके करुणा, साहस और नेतृत्व के संदेश को फैलाने की शपथ के साथ हुआ।

## अहिल्या उत्सव पर पूर्ण दिवस अवकाश घोषित किया जाए


इंदौर। अहिल्या उत्सव के पावन अवसर पर इंदौर जिला प्रशासन द्वारा प्रतिवर्ष अर्धदिवसीय अवकाश घोषित किया जाता है। यह निर्णय जनभावनाओं के अनुरूप नहीं है।



लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर को उनके अद्वितीय लोककल्याणकारी कार्यों के लिए सम्पूर्ण देश में आदर और सम्मान प्राप्त है। उनके जनहितकारी कार्य केवल मालवा तक सीमित नहीं रहे, बल्कि देश के अनेक हिस्सों तक व्यापक रहे हैं। यही कारण है कि संसद भवन परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है। इंदौर एयरपोर्ट का नामकरण देवी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर है यह भी उल्लेखनीय है कि जहाँ जिले के सरकारी विद्यालयों में मात्र आधे दिन का अवकाश दिया जाता है, वहीं अनेक निजी विद्यालयों में पूर्ण दिवस का अवकाश रखा जाता है।

# पालाखेड़ी के किसानों की जमीन अधिग्रहण मामले में कोर्ट ने हाउसिंग बोर्ड को विज्ञापन नोटिस जारी करने का दिया आदेश, अगली तारीख 19 सितंबर

इन्दौर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इन्दौर में जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस जयकुमार पिल्लई की युगलपीठ ने पालाखेड़ी गांव के किसानों द्वारा अपनी जमीन छुड़वाने के मामले में मप्र हाउसिंग बोर्ड को विज्ञापन जारी करते हुए उन सभी किसानों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है जिन्हें नोटिस नहीं पहुंचा था। मामले में एकल पीठ के निर्णय के बाद हाउसिंग बोर्ड द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते युगल पीठ ने यह आदेश जारी किया तथा सुनवाई के लिए अगली तारीख 19 सितंबर तय की है।



हाईकोर्ट की एकलपीठ ने सुपर कॉरिडोर से लगे पालाखेड़ी गांव के किसानों की जमीन के अधिग्रहण को समाप्त कर दिया था जिसके खिलाफ मप्र हाउसिंग बोर्ड ने हाईकोर्ट की युगलपीठ में अपील की थी। अपील पर हुई सुनवाई के दौरान हाउसिंग बोर्ड के वकीलों ने कोर्ट को बताया कि 42 अपीलों में से कुछ किसानों को नोटिस नहीं मिल पाए है। उनके जो पते याचिका में थे, उन पर नोटिस जारी किया था, लेकिन पते अधूरे होने से वो लौट आए हैं।

ऐसे में इसके लिए विज्ञापन के जरिए नोटिस जारी करने की छूट दी जाए और तब तक इस केस को आगे बढ़ाया जाए।

वहीं किसानों की ओर से पेश वकीलों ने आपत्ति दर्ज कराते कहा गया कि पहले ही इस केस में काफी लंबे इंतजार के बाद जमीन छूटी थी लेकिन अब दोबारा केस दायर होने से फिर वे उलझ गए हैं। इसका बार-बार समय बढ़ने से किसानों को इंतजार करना पड़ रहा है। कोर्ट ने उनके काबिज होने पर भी रोक लगा रखी है, उसमें भी छूट दी जाए। युगल पीठ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाउसिंग बोर्ड को विज्ञापन जारी करने का आदेश दिया। प्रकरण कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि सुपर कॉरिडोर और पितृ पर्वत के बीच स्थित पालाखेड़ी ग्राम में हाउसिंग बोर्ड ने 2012 में आवासीय स्कीम लागू की थी। इसके लिए 2012 में ही गांव की 112.94 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण करने की कार्रवाई शुरू की गई थी।

इसके खिलाफ किसानों और जमीन मालिकों ने हाईकोर्ट में केस दायर किया था। 9 अप्रैल 2025 को जस्टिस विवेक रुसिया की एकल पीठ ने इसके लिए अपनाई गई प्रक्रिया और 13 साल तक इस स्कीम पर कुछ नहीं करने के चलते अधिग्रहण को समाप्त कर हाउसिंग बोर्ड को 25-25 हजार रुपए हर्जाने के तौर पर किसानों को देने के लिए भी आदेश जारी किया था, जिसके खिलाफ ये अपील दायर की गई।

# शुभ संकल्प समूह द्वारा गणेश चतुर्थी तथा मां अहिल्याबाई पुण्यतिथि कार्यकम संपन्न

इंदौर। शुभ संकल्प समूह द्वारा गणेश चतुर्थी तथा मां अहिल्याबाई पुण्यतिथि कार्यकम संपन्न हुआ कार्यकम निर्देशिका डॉ सुनीता श्रीवास्तव ने बताया कि इस गणेश चतुर्थी के आगमन पर ऑनलाइन कार्यकम आयोजित किया गया जिसमें 60से अधिक सदस्यों ने भागीदारी कर अपनी प्रस्तुति प्रेषित की।



इस कार्यकम में प्रवासी साहित्यकार नीलू गुप्ता केलिफोर्निया, मंजू श्रीवास्तव मन वर्जीनिया, दीपिका कोठारी वर्जिनिया , लीना शारदा इंडोनेशिया, वैशाली रस्तोगी इंडोनेशिया, ऋतु नंनन पाण्डे शर्मा नीदरलैंड, शन्नो अग्रवाल ऑस्ट्रेलिया,सारिका जेथलिया तंजानिया, सांड्रा लुटवान दक्षिण अफ्रीका, शिखा पोरवाल मनस्वी कनाडा, डॉ प्रतिभा गर्ग सिंगापुर,डॉ मोनिका रूसिया भिलाई, नीति अग्निहोत्री इंदौर, प्रेमसिंह काव्या छत्तीसगढ़, मनोरमा जोशी इंदौर, अमिता मराठे इंदौर संतोष तोषीनीवाल इंदौर, सुषमा शुक्ला, इंदौर, प्रभा तिवारी इन्दौर , प्रभा जैन इंदौर, डॉ अर्चना पंडित इंदौर, डॉ प्रतीक्षा शर्मा इंदौर, भावना दामले इंदौर,निर्मला मूंदड़ा इंदौर, अभिधा विरमाल इंदौर , सविता गुप्ता प्रयाग , सुभाष प्रयाग , रूपकुमार सक्सेना इंदौर, दिनेश भटनागर इंदौर , रीना अनेजा लखनऊ , कुमुद दुबे इंदौर , सुरेखा भारती इंदौर,ने प्रमुखता से श्रीगणेश और मां अहिल्याबाई पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर सराहनीय स्थान प्राप्त किया बच्चों में सन्निधि जेथलिया तंजानिया , ह्रदय शर्मा आर्यन श्रीवास्तव ने अपनी ड्राइंग प्रेषित कर मन मोह लिया द्य इस अवसर पर शुभ संकल्प समूह द्वारा गणेश चतुर्थी विशेषांक प्रकाशित पत्रिका में रचनाकारों का भी सम्मान किया गया। कार्यकम अध्यक्ष उपेंद्र श्रीवास्तव, चिन्मय श्रीवास्तव का स्वागत किया गया। कार्यकम का आभार प्रदर्शन डॉ सुनीता श्रीवास्तव ने किया।

## समाज के लिए प्रेरणा बन चुकी बहु दिव्यांग गुरदीप कौर का किया सम्मान



इन्दौर। गुरु तेग बहादुर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गुरदीप कौर वासु को 1 लाख रुपए का चेक प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। दिव्यागो के साथ ही समाज के लिए प्रेरणा बन चुकी गुरदीप कौर बहु दिव्यांगता के बावजूद भी सफलता के मुकाम तक पहुंची है। गुरदीप ने शारीरिक बाधाओं के बावजूद अपनी मेहनत और लग्न से सरकारी नौकरी हासिल की है। इस अवसर पर।ट्रस्ट के डॉ. माखीजा ने कहा कि ट्रस्ट हमेशा ही प्रतिभाओं को खास कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करता है। इस दौरान रतनजीत सिंह शैरी, कमलजीत सिंह, खुशमीत सिंह गांधी, परमजीत सिंह वासु और मंजीत कौर मौजूद रहे।

## जमीन घोटाले के आरोपी चिराग का पासपोर्ट रिन्यू होगा या नहीं निर्णय का अधिकार पासपोर्ट कार्यालय को - हाइकोर्ट

इन्दौर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इन्दौर में जस्टिस प्रणव वर्मा की एकल पीठ ने जमीनों की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी चिराग शाह के पासपोर्ट रिन्यू पर निर्णय लेने का अधिकार पासपोर्ट कार्यालय को देते पासपोर्ट रिन्यू होगा या नहीं पन्द्रह दिन में बताने को कहा है। चिराग शाह कालिंदी गोल्ड, फिनिक्स टाउनशिप सहित अन्य जमीनों में गड़बड़ी के चलते लंबे समय तक जेल में भी रहा है और वे सभी केस उस पर चल रहे हैं। उसने गत 2 जुलाई को रीजनल पासपोर्ट ऑफिस में अपने पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए आवेदन दिया था, लेकिन पासपोर्ट कार्यालय ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की तो उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। जिस पर सुनवाई दौरान उसके वकीलों ने कोर्ट को बताया कि उसके पासपोर्ट की समय सीमा खत्म हो रही है। उन्होंने पासपोर्ट रिन्यूअल के लिए आवेदन पर समय सीमा में निराकरण करने की प्रार्थना की। वहीं याचिका सुनवाई दौरान पासपोर्ट कार्यालय की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आवेदन पर विभाग नियमानुसार काम कर रहा है। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद कोर्ट ने निर्णय लेने के लिए पासपोर्ट कार्यालय को ही आदेश जारी कर समय सीमा निर्धारित कर दी है।

# 1 सितंबर से बजाज आलियांज पॉलिसीधारकों को अस्पतालों में कैशलेस सुविधा नहीं- एएचपीआई

इंदौर। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स-इंडिया (एएचपीआई) ने घोषणा की है कि उसके सदस्य अस्पताल में 1 सितंबर से बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के पॉलिसीधारकों को कैशलेस इलाज की सुविधा नहीं देंगे।

संगठन के तहत 15,200 से अधिक निजी अस्पताल आते हैं, जिनमें मैक्स हेल्थकेयर और मेदांता जैसे प्रमुख नाम भी शामिल हैं। एएचपीआई का आरोप है कि बजाज आलियांज अस्पतालों को पुराने टैरिफ पर भुगतान कर रहा है, जबकि

**पुराने टैरिफ, पेमेंट कटौती और मेडिकल इन्फ्लेशन को लेकर असंतोष; अस्पतालों ने रिएम्बर्समेंट विकल्प रखा**

मेडिकल खर्चों में सालाना 7-8 फीसदी की बढ़ोतरी हो रही है। इसके अलावा कंपनी पर प्री-ऑथ और डिस्चार्ज अप्रूवल में देरी और पेमेंट में मनमानी कटौती के भी आरोप लगाए गए हैं। संगठन का कहना है



कि इस स्थिति में अस्पतालों के लिए गुणवत्तापूर्ण इलाज जारी रखना कठिन हो गया है। हालांकि एएचपीआई ने स्पष्ट किया कि इलाज पूरी तरह बंद नहीं होगा। मरीजों को सेल्फ-पे आधार पर इलाज मिलेगा और वे बाद में कंपनी से रिएम्बर्समेंट क्लेम कर सकेंगे। संगठन ने इसी तरह की शिकायत के चलते केयर हेल्थ इंश्योरेंस को भी नोटिस भेजा है और चेतावनी दी है कि 31 अगस्त तक जवाब नहीं मिलने पर उनकी भी कैशलेस सुविधा बंद की जा सकती है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, बजाज आलियांज के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी पॉलिसीधारकों को बेहतर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है और संवाद के जरिए समाधान निकालने की उम्मीद है।

# आत्मरक्षा शिविर में युवतियों ने, अपनी सुरक्षा अपने हाथ, का संकल्प लिया

इन्दौर। पुण्याति वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा स्थानीय अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला व वाणिज्य महाविद्यालय में लोकमाता पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि के अवसर पर अहिल्या आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सौ से अधिक युवतियों ने आत्मरक्षा के गुर सीखे और विपरीत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा अपने हाथ का संकल्प दोहराया।



इस अवसर पर शिविर आयोजक डॉ. माला सिंह ठाकुर ने कहा कि अहिल्या माता की धार्मिक और आध्यात्मिक छवि से हम सभी परिचित हैं, किंतु वीरांगना अहिल्याबाई के विषय में बहुत कम लोग जानते हैं। उनकी सैन्य नीति और प्रबंधन के विषय में सामान्यतः चर्चा नहीं होती।

उन्होंने अहिल्या सेना बनाई थी, और स्वयं गौहर और चंद्रावत का युद्ध लड़ा भी और जीता भी था। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बेटियों को अपनी सुरक्षा अपने हाथ करने एवं लोकमाता के आदर्शों पर चलकर स्वयं आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने की आवश्यकता है।

प्रत्येक परिस्थिति में आत्मविश्वास ही सबसे बड़ा हथियार है, इस आधार पर जीवन की चुनौतियों से सामना किया जा सकता है। शिविर में मास्टर ट्रेनर मनीष आर्य और उनकी टीम द्वारा युवतियों को आत्मरक्षा के गुर के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी गई।

ज्ञात हो कि पुण्याति वेलफेयर फाउंडेशन लगातार युवतियों को आत्मरक्षा के प्रशिक्षण एवं अहिल्यामाता के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा के लिए जागरूक कर रहा है। अब तक हजारों युवतियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है एवं अन्य बहनों को भी जागरूक करने का कार्य किया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता चंद्रशेखर ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की सभी महिला प्राध्यापक भी उपस्थित रहीं।

## खजराना से उमराह सफ़र पर जाने वालों का स्वागत



इंदौर। खजराना से उमराह के सफ़र पर मक्का मदीना जाने वाले जायरीनों का स्वागत किया गया।

कांग्रेस नेता मुबारिक शेख ने गरीब नवाज कॉलोनी के युनुस हाशमी, गौसिया मस्जिद के मोअज़्ज़िन जलील खान, कनीजा खान व अन्य जायरीनों का हारफूलों से इस्तकबाल किया गया।

जायरीनों ने कहा वे मक्का-मदीना पहुंचकर देश की खुशहाली की दुआ करेंगे। उमराह जायरीनों के स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुबारिक शेख, आफताब शेख, अरमान शेख, अरबाज शेख, सुल्तान शेख आदि मौजूद थे।